

सागर प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com
#Digital Edition
www.bundelihalchal.com
सागर, मंगलवार, 02 दिसम्बर 2025

## छतरपुर में दहेज लोभ का शर्मनाक मामला, पुलिस ने दूल्हे और परिवार पर किया केस दर्ज

# जयमाला के बाद दूल्हे ने मांगे 10 लाख, मंडप से फरार; दुल्हन पक्ष ने हाइवे पर लगाया जाम



प्रवेश संवाद छतरपुर.

**छतरपुर में शादी की रस्मों के दौरान जयमाला के तुरंत बाद दूल्हे के पिता ने 10 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग कर दी। रकम न मिलने पर दूल्हा मंडप से फरार हो गया। इस पर गुस्साए दुल्हन पक्ष ने हाईवे पर जाम लगाकर हंगामा किया। फिलहाल पुलिस ने दूल्हे और उसके परिवार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के छतरपुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां शादी की रस्मों के बीच, जयमाला होने के ठीक बाद, दूल्हे के पिता ने अचानक दस लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग कर दी। मांग पूरी न होने पर दूल्हा शादी के मंडप से फरार हो गया, जिसके बाद दुल्हन पक्ष ने हाईवे पर बैठकर जमकर हंगामा किया और विरोध प्रदर्शन किया।**





### वरमाला के बाद बारात लौटी

मामला जिले के नौगांव रोड स्थित शांति मैरिज हाउस का है। मामले में टीकमगढ़ जिले के पलेरा थाना क्षेत्र से दुल्हन नीतू के परिजन उसकी शादी कराने छतरपुर आए थे। शादी सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड निवासी दूल्हा गौरव से तय हुई थी। मैरेज हाल में खुशी का माहौल था और जयमाला की रस्म पूरी हो चुकी थी। तभी अचानक दूल्हे के पिता ने दुल्हन पक्ष के सामने 10 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग रख दी। इसके बाद बारात लौट गई। यह भी बताया जा रहा है कि लड़की एमबीए की पढ़ाई कर रही है और लड़का बेरोजगार है।

### परिजनों ने किया हंगामा

दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे के परिवार से हाथ-पैर जोड़कर और मिन्नतें करते हुए कहा कि वे इतनी बड़ी रकम तुरंत नहीं दे सकते। लेकिन, दूल्हे का परिवार अपनी मांग पर अड़ा रहा और कोई बात मानने को तैयार नहीं हुआ। जब दुल्हन पक्ष ने रकम देने में असमर्थता जताई, तो दूल्हा गौरव कुछ ही देर में शादी के मंडप से चुपचाप फरार हो गया. इस घटना से दुल्हन पक्ष में आक्रोश फैल गया और शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

### कन्या पक्ष कर चुका 11 लाख खर्च



मामले को लेकर दुल्हन पक्ष का कहना है कि वे इस शादी पर अब तक 11 लाख से ज्यादा रकम खर्च कर चुके हैं। इसके बावजूद दूल्हे का लालची परिवार लगातार और रकम की मांग करता रहा। दूल्हे के फरार हो जाने के बाद दुल्हन पक्ष ने विरोध में मैरिज गार्डन के बाहर हाईवे पर बैठकर जाम लगा दिया।

### जांच में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम फौरन मौके पर पहुंची। पुलिस ने हंगामा कर रहे पीड़ित परिवार को शांत कराया और उन्हें सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने दुल्हन पक्ष की शिकायत पर दूल्हे गौरव और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

**जरुआखेड़ा की घटना :** मृतक का भाई बोला- निरंजन 24 नवंबर की रात से था लापता

# मृतक की हुई शिनाख्त: थाने में परिजन बोले-शराब पार्टी कराने के बाद मारपीट कर निरंजन की हत्या की गई

प्रवेश संवाद ❁ सागर

सागर के नरयावली थाना की जरुआखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र में ग्राम मुड़रा सत्ती घटिया के पास सड़क किनारे मिले शव की पहचान हो गई है। मृतक के परिवार वाले पुलिस थाने पहुंचे।



जहां उन्होंने मृतक की पहचान निरंजन सिंह उम्र 40 साल निवासी सरखेड़ी के रूप में की है। उन्होंने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज दिए हैं। पुलिस ने मृतक की पहचान होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत



का कारण पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट हो सकेगा। मामला दर्ज कर पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

दरअसल, 25 नवंबर को जरुआखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मुड़रा सत्ती घटिया के पास युवक का शव पड़ा मिला था। शव सड़क से करीब 30 मीटर अंदर पड़ा था। ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतक के सिर और चेहरे पर चोटों के निशान मिले थे। शरीर पर घसीटने जैसी खरोंचे थीं। मृतक की पहचान नहीं हुई थी। मृतक के भाई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि भाई निरंजन 24 नवंबर की रात से लापता थे। उनकी तलाश की। लेकिन मिले नहीं। खुरई थाना में शिकायत करने गए। जहां से जरुआखेड़ा भेजा गया। जरुआखेड़ा चौकी पहुंचे तो एक शव मिलने की जानकारी दी। अस्पताल जाकर शव देखा तो वह भाई निरंजन थे।

## पहले ढाबे और फिर जरुआखेड़ा जंगल ले जाकर की मारपीट

मृतक के पिता फूलसिंह राजपूत ने आरोप लगाते हुए कहा कि पारिवारिक विवाद के चलते निरंजन सिंह के साथ घटना हुई है। उन्होंने कॉल रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पुलिस को दिए हैं। उन्होंने बताया की 25 नवंबर की रात करीब 1 बजे से 4 बजे तक मृतक निरंजन सिंह और उसके साथ परिवार सहित ग्राम के चार लोग गांव के बाहर एक ढाबे पर शराब पार्टी करते दिखाई दिए हैं। जिसमें निरंजन सिंह अत्याधिक शराब के नशे में था। इसी दौरान विवाद हुआ। निरंजन के साथ पहले ढाबे पर मारपीट की गई और उसके बाद कार में उसे जरुआखेड़ा के जंगल में ले गए। जहां उसके साथ मारपीट की गई। जिससे निरंजन सिंह की मौत हुई है। परिवार के लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## आंखों से कम दिखने के बावजूद बीएलओ जाट ने पूरा किया सर्वे

प्रवेश संवाद ❁ सागर/बरौदिया कलां

खुरई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र 168, शासकीय प्राथमिक शाला रिछा से बीएलओ विजय सिंह जाट ने एसआईआर सर्वे 2025 का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया।



मतदान केंद्र पर 495 मतदाता हैं, सभी का डाटा सफलतापूर्वक ऑनलाइन फीड कर दिया है। सुपरवाइजर धनीराम सेन के मार्गदर्शन में बीएलओ विजय सिंह जाट, विजय सिंह गौड़, जीआरएस ग्राम पंचायत मड़ावन राजन सिंह जाट, रूपाली तिलेश्वर ने सर्वे को पूरा किया है।

बता दें विजय सिंह जाट सेवा के अंतिम चरण में हैं, आंखों की रोशनी कम होने के बावजूद गंभीरता से कार्य कर रहे है।

अगले साल अप्रैल में सेवानिवृत्त होना है। कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर बीएलओ विजय सिंह जाट की सराहना की है।

# धर्मश्री में आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर सोने की चेन छीनी

- सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

प्रवेश संवाद ❁ सागर.

सागर के मोतीनगर थाना क्षेत्र के धर्माश्री इलाके में फार्म हाउस से लौट रहे व्यक्ति के साथ चेनस्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया गया। बदमाश आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर सोने की चेन छीनकर भाग गए। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

शिकायतकर्ता अभय यादव उम्र 55 साल निवासी मछरयाई केशवगंज वार्ड ने बताया कि वह रविवार रात करीब 10.30 बजे अपने फार्म हाउस से घर लौट रहे थे। वे धर्माश्री कलारी के पास पहुंचे। जहां रास्ते में तीन युवक मिले। चेहरे पर कपड़े बांध हुए थे। एक युवक आकर अभय से बात करने लगा। तभी पीछे से आए दूसरे युवक ने आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया।

बदमाश गले में पहनी सोने की चेन छीनकर भाग गए। अभय ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसी दौरान आरोपी अतिशय कॉलोनी की ओर गए रास्ते से होकर भाग निकले। मामले में अभय यादव ने मोतीनगर थाने पहुंचकर घटनाक्रम को लेकर शिकायती आवेदन दिया है। शिकायत पर पुलिस वारदात स्थल और अतिशय कॉलोनी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# चांदवर में जमीनी विवाद में 2 भाइयों की हत्या करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार, यात्री प्रतीक्षालय के पास किया था हमला

प्रवेश संवाद ❁ सागर

सागर के सानौधा थाना क्षेत्र के ग्राम चांदवर में जमीनी विवाद के चलते दो सगे भाइयों की हत्या के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने चाकू मारकर दोनों भाइयों की हत्या की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, 29 नवंबर को फरियादी अभिषेक (24) पुत्र हरिदास धानक ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह



मजदूरी करके घर वापस लौट रहा था। जब वह ग्राम चांदवर में यात्री प्रतीक्षालय के पास तिराहे पर पहुंचा, तो देखा कि आरोपी सचिन धानक और सुरेश धानक उसके छोटे भाइयों दीपेश और आशिक उर्फ आकाश के साथ मारपीट कर रहे थे।

## चाकू से किए वार, इलाज के दौरान मौत

विवाद का कारण जमीन था। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से दोनों भाइयों पर चाकू से वार किए। इससे दीपेश और आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (BMC) में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी सुरेश (50) पुत्र कलू धानक और उसके बेटे सचिन (19) पुत्र सुरेश धानक को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों चांदवर के ही रहने वाले हैं। सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि



**जमीन विवाद में मां के सामने दो बेटों की हत्या : जेठ ने बेटे के साथ मिलकर चाकुओं से किए चेहरे, पेट और पीठ पर गंभीर घाव, मौत**

- सानौधा थाना क्षेत्र के चांदवर गांव की घटना

प्रवेश संवाद ❁ सागर

मामला सानौधा थाना इलाके के चांदवर गांव है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात शांति बाई बंसल बकरियों की दवा लेने के लिए अपने रिश्तेदार (जेठ) के घर गई थीं। इसी दौरान डेढ़ एकड़ जमीन को लेकर उनकी कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ता देख शांति बाई के बेटे आकाश बंसल (उम्र 16) और दीपेश बंसल (उम्र 18) मौके पर पहुंचे। जब दोनों भाई अपनी मां को बचाने के लिए आगे आए तो आरोपियों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के कई घाव बेटों के पेट, पीठ और चेहरे पर लगे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, गंभीर हालत में दोनों भाइयों को पहले स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शनिवार को आकाश और दीपेश की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम कराया और शव परिवार वालों को सौंप दिए। परिजनों के मुताबिक, दोनों भाई मजदूरी करते थे। परिवार में बड़ा भाई अभिषेक और माता-पिता हैं।

**मां ने कहा- हत्यारों को मिले कड़ी सजा :** मृतकों की मां शांति बाई ने रोते हुए बताया- जब मुझसे विवाद किया जा रहा था, तभी मेरे बेटे दीपेश और आकाश मुझे बचाने आए। इसी दौरान मेरे जेठ सुरेश धानक और उनके बेटे सचिन ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे दोनों बेटों की मौत हो गई। शांति बाई ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

**आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज :** सानौधा थाने के एसआई बलराम छारी ने बताया कि आरोपी सुरेश और उसके बेटे सचिन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। इनके परिवार में लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और शुक्रवार को भी इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था।

हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से वारदात में उपयोग किया गया चाकू भी बरामद किया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और विवेचना के दौरान इसमें आरोपियों की संख्या और बढ़ सकती है।

# राजस्व वसूली माह के अंतर्गत सभी वार्डों में 1 से 31 दिसंबर तक लगेंगे शिविर

- निगमायुक्त ने कहा- समय सीमा में जमा करनी होगी बकाया कर राशि

प्रवेश संवाद ❁ सागर

नगर निगम सागर द्वारा 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक "राजस्व वसूली माह" मनाया जाएगा। इस अवधि में नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में विशेष राजस्व वसूली शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नागरिकों की सुविधा हेतु संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया सहित अन्य बकाया करों की राशि जमा करने की व्यवस्था रहेगी।

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को शिविर आयोजित करने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि लंबे समय से करों की राशि जमा न करने वाले हितग्राहियों को अब निर्धारित अवधि में अपना बकाया कर की राशि जमा करना होगी। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय-सीमा में कर जमा न करने पर संबंधित हितग्राहियों को दोगुनी राशि जमा करनी पड़ेगी। इसके लिए सभी वार्डों में शिविरों का रोस्टर भी जारी किया जा रहा है, जिससे नागरिक अपने निकटतम शिविर में पहुंचकर राशि जमा कर सकेंगे। नगर निगम के राजस्व ने नागरिकों से अपील की है कि वे अभियान का लाभ उठाएं और समय पर कर जमा करके दोगुनी राशि से बचें। निगम आयुक्त ने अधिकारी बृजेश तिवारी को निर्देश दिए गए हैं कि शिविरों में आने वाले नागरिकों को पूर्ण सुविधा व सहयोग प्रदान किया जाए।

## रहली विस के मतदान केन्द्र 30 से 40 में 100% SIR का कार्य संपन्न

प्रवेश संवाद ❁ सागर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 039 रहली जिला सागर कुलदीप पाराशर के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 में जिला सागर विधानसभा क्षेत्र 039 रहली के मतदान केन्द्र क्रमांक व नाम 30 से 40 के सुपरवाइजर भगवतशरण पाण्डेय द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में समस्त मतदान केन्द्रों के मतदाताओं का गणना पत्रक का वितरण एवं एकत्रित कर बी.एल.ओ. द्वारा बी.एल.ओ. एप्प पर ऑनलाईन डिजिटाईजेशन कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कराया गया है। इस उल्लेखनीय कार्य हेतु सुपरवाइजर भगवतशरण पाण्डेय को बधाई के साथ यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# सांसद, महापौर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने एसआईआर सर्वे जन जागरूकता के लिए किया वृंदावन वार्ड का भ्रमण

प्रवेश संवाद ❁ सागर



नगर निगम सागर द्वारा संचालित "लोकतंत्र का उत्सव – एसआईआर सर्वे" अभियान को सफल बनाने और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वृंदावन वार्ड में विशेष जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े, महापौर संगीता सुशील तिवारी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने संयुक्त रूप से वार्ड का भ्रमण कर नागरिकों से संवाद स्थापित किया।

भ्रमण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने घर-घर पहुंचकर एसआईआर सर्वे के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यह सर्वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा प्रत्येक नागरिक का सही व अद्यतन विवरण दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है। इससे निर्वाचन प्रक्रिया मजबूत होगी। सांसद लता वानखेड़े ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि एसआईआर सर्वे में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सर्वे टीम को सही जानकारी प्रदान करें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में सतत् रूप से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है तथा सर्वे के दौरान आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है जिससे किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो । भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि एसआईआर सर्वे पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों को भ्रमित करने वाले तत्वों से सावधान रहने और केवल अधिकृत सर्वे टीम को ही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की।

**अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : वृन्दावन बाग मंदिर में तीन हजार से अधिक गीता पाठी हुए शामिल, जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह बोले-**

# 'गीता के ज्ञान से अश्वर, अभिमानी, आतंक का अंत करना ही सबसे बड़ी शिक्षा'




## गीता महोत्सव पर शासन के भागीरथी प्रयास राज्य को आध्यात्म की ओर ले जाएंगे: महंत नरहरि दास

**प्रवेश संवाद सागर.**

गीता महोत्सव पर शासन के भागीरथी प्रयास राज्य को आध्यात्म की ओर ले जाएंगे उक्त विचार वृन्दावन बाग मंदिर के महंत नरहरि दास ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर आयोहित कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी, श्याम तिवारी, संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल सहित संत, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गीता पाठी मौजूद थे। महंत नरहरि दास ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जो आज गीता जयंती के अवसर पर 15वें अध्याय का सस्वर वाचन करने का भगीरथ प्रयास किया गया है यह अवश्य की प्रदेश को प्रगति उन्नति की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि जब विषम परिस्थितियों में धैर्य का परिचय व्यक्ति देता है तब समझ जाना चाहिए कि उसने गीता का अध्ययन किया है। धर्म को





आत्मसात करना भी गीता सिखाती है। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि गीता के ज्ञान से अश्वर, अभिमानी, आतंक का अंत करना ही सबसे बड़ी शिक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज देश में अनेक शिक्षण संस्थान, अनेक डॉक्टर आतंक का काम कर रहे हैं क्योंकि उनकों गीता का ज्ञान नहीं हैं इसलिए हम सभी को स्वयं एवं दूसरों को गीता का अध्ययन करने की आवश्यकता है। रामायण, महाभारत, गीता का अध्ययन अ वश्य ही करना चाहिए। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा पूरे प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर जो गीता के 15वें अध्याय का सस्वर वाचन कराया गया है यह अवश्य ही प्रदेशवासियों के विकास का नया रास्ता खोलेगा।

सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता जीवन जीने की कला सिखाने वाला सार्वभौमिक ज्ञान है। हमें गीता का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता के महत्वपूर्ण उपदेशों का ज्ञान कराकर युद्ध जीता था। उन्होंने कहा कि एक मोहन ने अर्जुन को ज्ञान देकर महाभारत का युद्ध जीता था और दूसरे मोहन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रदेश में गीता का सस्वर वाचन कराकर मध्यप्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लिए भागीरथी प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि भारत देश सनातन संस्कृति का देश है और इसी से हमारा उदय हुआ है। गीता को हमें हमारे जीवन में अवश्य उतारना चाहिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा, एसएस बघेल, अरविन्द जैन, पं वासुदेव द्विवेदी (पूर्व प्राचार्य सं. महा.वि. धर्मश्री सागर), पं. मदन गोपाल शास्त्री, पं. रामचरण शास्त्री, पं. श्रीराम शास्त्री, पं. मनोज व्यास, पं. देवाशीष शास्त्री, पं. शिवप्रसाद शास्त्री, राज राजेश्वरी देवी, जवाहर लाल द्विवेदी, महंत नरहरिदास, गोवर्धन पटैरिया, टीकाराम त्रिपाठी, एम.डी. त्रिपाठी, शिवप्रसाद तिवारी, सर्वेश्वर उपाध्याय जिला संयोजक, आरएस दीक्षित, दामोदर प्रजापति, विनय दुबे, किशोर गौतम, उमाशंकर द्विवेदी, प्रो. सरोज गुप्ता प्रचार्य, डॉ. आनंद तिवारी प्राचार्य, डॉ. जीएस चौबे, डॉ. शशि सिंह वि.वि. डॉ. सुखदेव वाजपेयी, रचना तिवारी, रावतपुरा सरकार संस्कृत विद्यालय के बटुक उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा प्रर्दशनी का किया गया उद्घाटन : अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले के मुख्य कार्यक्रम स्थल वृन्दावन बाग मंदिर परिसर में तीन दिनों तक चलने वाली गीता के उपदेशों एवं चित्रों पर आधारित भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी का उद्घाटन महंत नरहरिदास, सांसद लता वानखेड़े, महापौर संगीता सुशील तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, श्याम तिवारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर शुरूआत की।

## जमुनिया चिखली के औषधि गार्डन में छात्रों और शिक्षकों ने किया गीता पाठ का सामूहिक वाचन

**प्रवेश संवाद सागर.**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुनिया चिखली में गीता जयंती के पावन अवसर पर, संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आदेश एवं कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों द्वारा गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक वाचन किया गया।

यह विशेष आयोजन विद्यालय परिसर के बाहर स्थित औषधि गार्डन के समक्ष संपन्न हुआ, जहाँ आध्यात्मिक वातावरण में श्लोकों की गूँज ने पूरे स्थान को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पंडित मोहित वैद्य द्वारा सरस्वती वंदना और मंत्रोपचार से किया गया। वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार दुबे ने छात्रों को गीता पाठ की महत्ता और उसके जीवन-दर्शन पर विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार दुबे




और अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में गीता के 15वें अध्याय का मुख्य वाचन कुमारी अंजलि दांगी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने साथ मिलकर श्लोकों का उच्चारण किया। कार्यक्रम प्रभारी संजय तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीता केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन की दिशा देने वाला मार्ग-दर्शक है।

विद्यालय के प्राचार्य भरत सिंह परिहार ने छात्रों को गीता के विभिन्न अध्यायों का नियमित अभ्यास करने और उसके उपदेशों को आचरण में उतारने के लिए प्रेरित किया। आयोजन को सफल बनाने में ओम नारायण सिंह, नारायण सिंह ठाकुर, इंद्रपाल सिंह लोधी, पृथ्वीराज सिंह यादव, पृथ्वीराज सिंह यादव सहित शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ ने समस्त व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से सुनिश्चित कीं। कार्यक्रम के समापन उपरांत सभी छात्र-छात्राओं को प्रसाद वितरण किया गया और उन्हें गीता के उपदेशों—सत्य, संयम, कर्तव्य-पालन और सदाचार—का अनुसरण करने का संकल्प दिलाया गया।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर केन्द्रीय जेल परिसर में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**प्रवेश संवाद सागर.**

केन्द्रीय जेल परिसर में आज गीता जयंती (अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव) के पावन अवसर पर एक भव्य एवं अनुशासित आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बंदियों, अतिथियों तथा जेल स्टाफ की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने वातावरण को अत्यंत पावन और ऊर्जामय बना दिया।

कार्यक्रम में पीठाधीश्वर आचार्य विपिन बिहारी महाराज जी द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का विस्तृत प्रेरणादायी और जीवनोपयोगी वर्णन प्रस्तुत किया गया, उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि चरित्र निर्माण मनुष्य का सर्वोत्तम आभूषण है, जीवन में अनुशासन और कर्तव्यबोध अनिवार्य है, परोपकार व मानवता ही समाज को सशक्त बनाती है, मनुष्य को चरित्रवान, विनम्र और निर्बलों का बल बनने का संकल्प लेना चाहिए, क्षमा,




सहनशीलता और संस्कार जीवन को महान बनाते हैं।

महाराज जी के दिव्य संदेशों ने बंदियों के भीतर आत्मचिंतन और सकारात्मक जीवन-शैली अपनाने की प्रेरणा जगायी। कार्यक्रम के अंत में सभी को 'सद्मार्ग, भाईचारे, सद्भावना और वसुधैव कुटुंबकम्' भावना अपनाने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया।

इस आयोजन की सफलता में जेल अधीक्षक मानेन्द्र सिंह परिहार जी के संपूर्ण मार्गदर्शन में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जेल स्टॉफ का पूर्ण सहयोग रहा साथ ही सिद्धत्व फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ श्वेता नेमा एवं उनके साथ आए पुरुषोत्तम चौरसिया एवं सारांश गौतम कल्पधाम समूह, पंकज मुखारिया, पुष्पा पटेल, नीतेश भार्गव. प्रमोद उपाध्याय, रामनरेश पाठक, परशुराम तिवारी एवं श्री बाटु दुबे का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के द्वारा पूरे जेल परिसर में एक अद्भुत शांति, ऊर्जा और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा। यह आयोजन बंदियों के नैतिक और मानसिक उत्थान की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम साबित हुआ। इसके साथ ही सायंकाल अध्याय 15 पुरुषोत्तम योग में वर्णित शाश्वत अश्वत्थ वृक्ष के बारे में संपूर्ण वृतांत प्रोजेक्टर के माध्यम से बंदियों को प्रदाय किया गया।

मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विठ्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिल्ली रोड सागर में प्रकाशित: मो. नं. 9926459376
स्थानीय संपादक - शुभम श्रीवास्तव: आर.एन.आई. नंबर: MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी. आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।

# कैंट हॉस्पिटल में आईएमए की दो टूक सलाह- एड्स अब लाइलाज नहीं! समय पर ART शुरू करें, पूरी जिंदगी सामान्य तरीके से जिएं

प्रवेश संवाद सागर.

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कैंट हॉस्पिटल सागर में जागरूकता शिविर का आयोजन आईएमए सागर शाखा एवं स्वास्थ्य विभाग सागर के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया. इस शिविर में सागर सांसद डॉ लता वानखेड़े और बीजेपी जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी भी शामिल हुए। इस शिविर का उद्देश्य विश्व भर में एचआईवी के खिलाफ एकजुटता दिखाना, एचआईवी पीड़ितों को समर्थन देना, एड्स से दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। सागर सांसद डॉ लता वानखेड़े ने सभी नागरिकों से अपील की है कि एचआईवी/एड्स




अब असाध्य नहीं रहा। समय पर जांच और नियमित इलाज से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जी सकता है। भेदभाव बंद करें, जागरूकता बढ़ाएं और सुरक्षित जीवन अपनाएं। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर डॉ. नीना गिडियन ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए एचआईवी संक्रमण के मुख्य प्रसार के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी- 1. बिना प्रोटेक्शन के किसी भी व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाने से खतरा सबसे अधिक होता है।

2. एक ही सुई या सिरिंज को बार-बार इस्तेमाल करने से संक्रमण फैलने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। 3. एचआईवी संक्रमित सुई या चिकित्सकीय उपकरणों का दूसरे मरीज पर उपयोग करने से भी यह बीमारी फैल सकती है।

आईएमए सागर अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि यदि किसी को एचआईवी संक्रमण हो जाए तो निम्न बातों का विशेष ध्यान रखना जरूरी है:

* नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं या यदि संदेह हो तो तुरंत टेस्ट करवाएं
* निदान होते ही तुरंत एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी (ART) एचआईवी की दवा शुरू करें
* रोजाना बिना छोड़े अपनी दवाइयां लें
* डॉक्टर एवं स्वास्थ्य टीम के साथ सभी नियुक्तियां नियमित रखें

सीएमएचओ डॉ ममता तिमोरी , डॉ साधना मिश्रा, डॉ. सुशीला यादव, डॉ. आरिफ कुरैशी, डॉ संजोत माहेश्वरी, डॉ. सुनील जैन, बड़ी संख्या में उपस्थित नर्सिंग स्टाफ, आशा कार्यकर्ताओं तथा मरीजों के परिजनों की सक्रिय भागीदारी ने इस जागरूकता सत्र को अत्यंत प्रभावी बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सागर सांसद डॉ लता वानखेड़े ने हरी झंडी दिखायी और पूरे स्वास्थ्यकर्मियों ने रैली भी जागरूकता के लिए निकाली।

## शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहली में एड्स दिवस पर कार्यक्रम हुआ आयोजित

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रहली में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र और छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण श्रीवास्तव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है इससे बचाव आवश्यक है उन्होंने एड्स जागरूकता पर सभी को शपथ दिलवाई सुश्री नेहा डेहरिया ने एड्स जैसी गंभीर बीमारी के लक्षण बचाव के उपाय एवं रोकथाम पर जानकारी प्रदान की छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सुषमा चौरसिया ने सभी को ऐडस से संबंधित जानकारी और शासन स्तर पर चल रही योजनाओं के बारे में बताया छात्र-छात्राओं को जागरूकता हेतु एड्स पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन भी किया गया छात्र-छात्राओं ने एड्स विषय पर आधारित चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया कार्यक्रम का संचालन छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्री सत्यम दुबे ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय से समस्त स्टाफ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे



# सुरखी के हर बच्चे का मिले आधुनिक और उच्च शिक्षा यह हमारा संकल्प: आकाश सिंह राजपूत

प्रवेश संवाद सागर.

सुरखी विधानसभा क्षेत्र के सुरखी कृषि उच्च.माध्य. विद्यालय, सुरखी और हाईस्कूल मिडवासा में बच्चों से मिलने गये स्कूल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। आकाश सिंह राजपूत द्वारा इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास दी गई थी, जिसको लेकर आकाश सिंह राजपूत ने स्कूल स्टाफ तथा बच्चों से बात की किस तरह उन्हें स्मार्ट क्लास में पढ़ने के फायदे मिल रहे है। सुरखी उ.मा.विद्यालय सुरखी एवं मिडवासा हाईस्कूल में बच्चों की मांग एवं उनकी की संख्या अधिक होने के कारण आकाश सिंह राजपूत वहां दो-दो और स्मार्ट क्लास बढ़ाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लेपटॉप दिये गये है। मैं चाहता हूं कि सभी बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में इतने आगे बढ़े की सभी को लेपटॉप मिले। उन्होंने वादा किया कि जो बच्चे अच्छे अंक लेकर पास होंगें उन्हें वे खुद लेपटॉप बांटने आयेंगें। सरकारी स्कूल एवं सभी सरस्वती शिशु मंदिरों में स्मार्ट



क्लास लगवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा मुझे मेरे माता-पिता ने दी है वहीं शिक्षा में सुरखी विधानसभा का बेटा होने के नाते और आप सब का भाई होने के नाते आप सभी भाई-बहनों को देना चाहता हूं। मेरा संकल्प है कि सुरखी के सभी बच्चों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से अच्छे से अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराउं। इस पूरे कार्य में आपके क्षेत्र के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत निरंतर प्रयास कर रहे हैं और हमारे क्षेत्र के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में शहरों के बच्चों से पीछे नहीं है। यही बच्चे आने वाले समय आधुनिक शिक्षा के माध्यम से बड़े बड़े पदों पर जाकर अपना और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगें। आकाश सिंह राजपूत ने बच्चों से बात कि तो बच्चो ने उन्हें बताया कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से वह नई-नई चीजें सीख रहे हैं। शिक्षा के यह तरीके ज्ञानवर्धक होने के साथ उनकी स्मरण शक्ति का विकास भी कर रहे हैं। वहीं दूसरी और शिक्षकों का कहना है था कि बच्चो की शिक्षा में बहुत सुधार आया है नई नई तकनीकों के माध्यम से बच्चों को सिखाने में सहायक है। इससे बच्चे भी पढ़ाई को लेकर बोर नहीं होते इससे बच्चों की रूचि पढ़ाई में बनी रहती है। आकाश सिंह राजपूत ने बच्चों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि सभी बच्चों का आधुनिक और अच्छी शिक्षा देने का मेरा संकल्प है।

## सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायतकर्ताओं की पहचान हेतु विभागों को निर्देश जारी

प्रवेश संवाद सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर झूठी, भ्रामक तथा आदतन शिकायत करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनकी जानकारी संकलित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस संबंध में संचालक, सी.एम. हेल्पलाइन भोपाल के के आधार पर जिला स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वरिष्ठ स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार ऐसे व्यक्तियों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जानी आवश्यक है, जो लगातार झूठी, अनर्गल अथवा ब्लैकमेलिंग के उद्देश्य से शिकायतें दर्ज करते हैं। जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा भी इस प्रकार की शिकायतों पर रोक लगाने एवं आवश्यक कार्यवाई करने का अनुरोध किया गया है।

# नगर निगम के पांच कर्मचारी सम्मानित होकर हुए सेवानिवृत्त

प्रवेश संवाद सागर

नगर निगम सागर की विभिन्न शाखाओं में लंबे समय से सेवा दे रहे पाँच कर्मचारियों का आज सेवानिवृत्ति समारोह नगर निगम सभाकक्ष में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने की।

सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में स्वास्थ्य विभाग के राजाराम कुंजी, विमला/लल्लू और गीता/लखन, सामान्य प्रशासन विभाग के राजेंद्र गुप्ता तथा प्रकाश विभाग के भगवानदास शर्मा शामिल हैं। इस सभी कर्मचारियों को उनकी उत्तम सेवाओं के लिए निगम अध्यक्ष श्री वृंदावन अहिरवार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक तथा उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही निगम अध्यक्ष द्वारा सभी को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री वृंदावन अहिरवार ने कहा कि नगर निगम की प्रगति और व्यवस्था में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने अनुभव और निष्ठा के कारण सदैव प्रेरणा स्रोत बने रहते हैं। निगम परिवार उनकी सेवाओं का ऋणी है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निगम सदैव उनके योगदान को स्मरण रखेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

प्रवेश संवाद सागर



जिला न्यायालय परिसर में आज आगामी नेशनल लोक अदालत (13 दिसंबर 2025) के सफल आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एम. के. शर्मा द्वारा की गई। बैठक में समस्त न्यायाधीशगण, जिला प्रशासन के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विशेष रूप से समझौता योग्य प्रकरणों, खासकर एम.ए.सी.सी. (मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण) पर विस्तृत चर्चा की गई। बीमा कंपनियों को न्यायालय से समन्वय स्थापित कर अधिकतम प्रकरणों का निराकरण इसी लोक अदालत में करने के निर्देश दिए गए। बीमा कंपनियों ने भी विभिन्न प्रकरणों में सहमति व्यक्त करते हुए निराकरण हेतु सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात जिला प्रशासन के सहयोग से निराकरण योग्य प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा की गई। न्यायाधीशगण द्वारा प्रकरणों में आ रहीं व्यावहारिक समस्याओं का उल्लेख किया गया, जिस पर जिला प्रशासन ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्यवाही पूर्ण करने की बात कही। पुलिस अधिकारियों को लंबित नोटिसों की शीघ्र तामील सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

# सारिका घारू ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेंट की एसआईआर जागरूकता गतिविधि की पेनड्राइव

प्रवेश संवाद सागर

मतदाता सूची के शुद्धिकरण विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए जागरूकता गतिविधियों की पेनड्राइव भारत निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा को भेंट की। इस अवसर पर झा ने गणना पत्रक जमा



करने अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक बढ़ाये जाने के बाद स्वीप गतिविधियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। सारिका ने बताया कि वे वीडियो ,लोककला ,पपेट के माध्यम से उन लोगों को प्रेरित कर रही है जिन्होंने अभी तक भी अपने गणना पत्रक बीएलओ को नहीं दिये है। संजीव कुमार झा ने उन बिंदुओं पर जागरुकता की आवश्यकता बताई गई जिनके द्वारा मतदाता सरलता से आवश्यकतानुसार फॉर्म 6,7, व 8 के माध्यम से मतदाता सूची शुद्धिकरण में अपना योगदान दे सकते हैं।

### तीन महीनों में 360 से अधिक जरूरतमंदों को मिला लाभ, एक वर्ष में 2181 यूनिट रक्त संग्रह कर बनी जनसेवा की मिसाल

# पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह की रक्त सेवा हेल्पलाइन बनी लोगों की जीवनरेखा, 15 दिन में 28 मरीजों को मिला निःशुल्क रक्त

प्रवेश संवाद सागर.

मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा अपने कार्यालय में शुरू किया गया रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हो रहा है। इस सेवा का उपयोग करते हुए 17 से 30 नवंबर के बीच एक पखवाड़े में 28 गरीब जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध हुआ है।



"भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन" के नाम से चर्चित हो रही यह निःशुल्क सेवा लगभग तीन माह पूर्व 2 जून, 2025 को शुरू हुई थी। इस जनोपयोगी प्रकल्प रक्त हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से अब तक 360 गरीब जरूरतमंदों मरीजों को रक्त मिला है। इससे मरीजों की जान और पैसा दोनों बचाए जा सके हैं। गत एक पखवाड़े में जिन 28 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले के जैसीनगर, बंडा, गौरझामर, रहली, देवरी, बांदरी, मालथौन क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से सागर इलाज कराने आए मरीज शामिल हैं। आंकड़े देखने से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों के परिजनों ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के सागर कार्यालय की निःशुल्क रक्त हेल्पलाइन सेवा का उपयोग करके अपने पेशेंट को रक्त चढ़वाया।

ज्ञातव्य हो कि पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की पहल पर सागर जिले के बीपीएल कार्ड धारक गरीब जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से शीघ्रता से हर संभव प्रयास होता है। रक्तदान को सेवा प्रकल्प के रूप में अपनाने वाले पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष मई माह में आयोजित हुए चार दिवसीय रक्तदान शिविर में लगभग 1600 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 14 हजार से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ है। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य की उपलब्धि को इंडिया बुक आफ रिकार्ड्स संस्था ने रिकार्ड के रूप में दर्ज कर उन्हें इसका प्रमाण पत्र भी पिछले दिनों भेंट किया है। इसी कड़ी में अविराज भूपेंद्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में 589 यूनिट ब्लड जिले के ब्लड बैंक को सौंपा गया है। इस तरह एक वर्ष में 2181 यूनिट रक्त जनकल्याण हितार्थ एकत्रित किया गया है।

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह स्वयं निःशुल्क रक्त सेवा हेल्पलाइन की सतत मानीटरिंग करते हैं। उन्होंने बताया है कि इस हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है, जो चौबीस घंटे चालू रहेगा। इसके साथ ही एक लैंडलाइन नंबर 262688 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इमरजेंसी में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के स्वयं के मोबाइल नंबर 9425171211 पर काल, वाट्सएप या एसएमएस किया जा सकता है।

### विधानसभा में भूपेन्द्र सिंह के प्रश्न के उत्तर में प्राप्त जानकारी

## खुरई में आईटीआई खोले जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति, कृषि महाविद्यालय में 22 पदों की पूर्ति के लिए विज्ञापन जारी

प्रवेश संवाद सागर.

खुरई के कृषि महाविद्यालय में 01 अधिष्ठाता सहित सहायक प्राध्यापकों के 21 पदों पर नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही आई.टी.आई. की स्थापना हेतु खुरई विकासखण्ड को शामिल किया गया है। यह जानकारी पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रश्नों पर विधानसभा में दी गई है।

पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रश्न के उत्तर में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंसाना ने बताया है कि खुरई के कृषि महाविद्यालय में स्वीकृत सहायक प्राध्यापक के 23 पद एवं अशैक्षणिक संवर्ग के समस्त 54 पद रिक्त हैं। अधिष्ठाता के एक पद सहित सहायक प्राध्यापकों के 21 पदों को भरने विज्ञापन जारी किये गये हैं। खुरई कृषि महाविद्यालय में प्रयोगशाला उपकरण, प्रोजेक्टर, फर्नीचर इत्यादि को क्रय किये जाने की प्रशासनिक अनुमति प्रदान कर दी गई है। मंत्री कंसाना ने बताया है कि खुरई कृषि महाविद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के अन्य केन्द्रों/महाविद्यालय में अध्यापन हेतु भेजे जाने संबंधी कार्यवाही वर्तमान में प्रस्तावित नहीं है। पूर्व गृह मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रश्न पर जबाव देते हुए कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने बताया है कि विभाग की नीति प्रत्येक विकासखण्ड में एक शासकीय आई.टी.आई. प्रारंभ करने की है। वर्तमान में 51 आई.टी.आई. विहीन विकासखण्डों में शासकीय आई.टी.आई. प्रारंभ किया जाना विभाग की प्राथमिकता है, जिसमें विकासखण्ड खुरई भी सम्मिलित है।

## शहर का तिलकगंज वार्ड सबसे आगे, एसआईआर की 100 फीसदी फीडिंग पूरी, बीएलओ सम्मानित

प्रवेश संवाद सागर.

पूरी लगन से कोई कार्य किया जाए तो वह अवश्य ही पूरा होता है। इसी लगन और ईमानदारी के साथ सागर विधानसभा क्षेत्र के तिलक वार्ड के सभी तैनात बीएलओ विक्रम साहू,अनीता पटेल, संतोषी दुबे,रेखा चढ़ार एवं अंजना पटेल अख्तर बी ने अपने बूथ पर शत-प्रतिशत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) फॉर्म भराने का कार्य निर्धारित समय से काफी पहले पूरा कर अन्य बीएलओ के सामने मिसाल पेश किया है। जिसके तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, तिलकगंज वार्ड के पार्षद एवं भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी,वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल




तिवारी,जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता एवं ब्रज जयसवाल ने समस्त बीएलओ का शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री श्याम तिवारी ने कहा कि जब किसी व्यक्ति को उनकी कड़ी मेहनत के लिए सम्मान मिलता है, तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से सराहना का एहसास होता है,जिससे उनका आत्मविश्वास और काम के प्रति उत्साह बढ़ता है। आप सभी बीएलओ ने जो विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य अपने वार्ड में 100 परसेंट कर सागर संभाग के अन्य कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण दिया है और आपको सम्मानित करने का कार्य जो हमारे पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य और यहां के पार्षद शैलेश केसरवानी ने किया है। उनका में साधुवाद करता हूं वह सदैव ही प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए आगे रहते हैं। और आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी ने कहा कि सभी बीएलओ ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य मिलने पर घर की पारिवारिक जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए दिन-रात मेहनत कर शासन के प्राथमिकता वाले कार्य एसआईआर को करने को प्राथमिकता दी,जिसका परिणाम रहा कि आज तिलकगंज वार्ड में पूरे सागर संभाग में 100% एस आई आर का कार्य संपन्न हुआ। आप सभी ऐसे ही पूर्ण मेहनत से कार्य करते रहें। आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

## तीन सत्र, तीन पुरस्कार: गौर विवि की शोध प्रतिभा ने बनाई पहचान

प्रवेश संवाद सागर. एसपीएनकेएस गवर्मेंट पीजी कॉलेज, दौसा तथा इन्स्पाइरा रिसर्च एसोसिएशन (आईआरए) जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बहुविषयी संगोष्ठी 24–25 नवम्बर 2025 को हाइब्रिड मोड में संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में 1100 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए तथा कुल चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विविध विषयों पर विद्वानों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रो. मनविंदर सिंह पाहवा तकनीकी सत्र-1 के अध्यक्ष रहे और समापन सत्र में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित हुए। प्रो. पाहवा के मार्गदर्शन में कार्यरत शोधार्थी प्रज्ञा सिंह और सुलेखा चौरसिया ने अपने उच्चस्तरीय शोध प्रस्तुतीकरण के लिए क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए। वहीं, कानून विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अतिभा विजया सिंह, सह-लेखक सुश्री सुलेखा चौरसिया के साथ प्रस्तुत शोधपत्र के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित हुईं। कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर ने विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धियाँ विश्वविद्यालय की सुदृढ़ शोध संस्कृति, नवाचारोन्मुख दृष्टिकोण और गुणवत्तापरक मार्गदर्शन का प्रमाण हैं।



## सीएम हेल्पलाइन निराकरण में सागर नगर निगम ने फिर रचा इतिहास, छठीं बार मिला 'ए'

### 97.89 वेटेज स्कोर के साथ प्रदेश की 16 नगर निगमों में अव्वल, आयुक्त राजकुमार खत्री की मॉनिटरिंग से मिली सफलता

प्रवेश संवाद सागर.

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में नगर निगम सागर ने 6 वीं बार 97.89 वेटेज स्कोर के साथ 'ए' प्राप्त कर मध्यप्रदेश की 16 नगरीय निकायों में कीर्तिमान स्थापित किया है। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्रतिमाह प्रदेश की 16 नगर निगमों की सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण प्रक्रिया का आंकलन किया जाता है। इस आंकलन में सागर नगर निगम ने माह नवम्बर की शिकायतों के निराकरण में 97.89% अंक प्राप्त कर प्रदेश में पुनः 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में नगर निगम के इतिहास में पहली बार यह उपलब्धि प्राप्त हुई है कि छठवी बार एक ग्रेड प्राप्त हुआ है। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की निराकरण प्रक्रिया की प्रतिमाह नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा संबंधित विभागों में नागरिकों की शिकायतों का समय सीमा में संतोषजनक समाधान कराया जा रहा है। निगमायुक्त के कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि सागर नगर निगम ने प्रदेश में अपनी पहचान को और अधिक मजबूत करते हुए नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी ढंग से समाधान सुनिश्चित करते हुए मध्यप्रदेश की नगरीय निकायों में छठवीं बार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का उदाहरण पेश किया है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री को पत्र भेजकर किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए आगामी समय में इसी प्रकार कार्य करने की आशा व्यक्त की है। नगर निगम आयुक्त ने नगर निगम के सभी अधिकारियों, इंजीनियर्स व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कार्य करने वाले सभी अधिकारियों,कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि नागरिकों की समस्याओं का स्थल पर पहुंचकर उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के कारण नगर निगम ने छठवीं बार प्रदेश की 16 नगरीय निकायों में 'ए' ग्रेड प्राप्त किया है।

# माफियों के सामने नतमस्क जिला प्रशासन

**प्रवेश संवाद हरपालपुर.**

छतरपुर जिले अवैध उत्खनन जोरो पर है क्योंकि प्रशासन का संरक्षण माफियों के लिए सुगमता प्रदान कर रहा है। अब एक बेवा औरत अवैध उत्खनन के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है क्योंकि जिले में जुर्माना के बावजूद अवैध उत्खनन कर रही है। खजुराहो झांसी हाइवे का निर्माण करने वाली पीएनसी कंपनी मुरम का अवैध उत्खनन कर रही है।



## कलेक्टर को कर रहे अधिकारी गुमराह

**जिला** कलेक्टर पार्थ जैसवाल को कर रहे उन के अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी गुमराह कर रहे है। बताया जा रही है कि कंपनी को सिर्फ चार फीट गहराई तक उत्खनन अनुमति मिली है मगर फिर भी पाताल तोड़ खनन जारी है। जहां पूर्व जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह राजपूत ने लगाया वही फिर भी वही जिला प्रशासन दोबारा वही उत्खनन अनुमति दी।

• **यहां हो रहा है अवैध उत्खनन :** करारागंज गॉव में अवैध मुरम खनन हो रहा है। जिला प्रशासन अपना खेल था है। ग्राम करारागंज 89 वर्षीय बेबा महिला की खेती जमीन उजाड़ने में माफिया लगे है। शिकायत के बाद भी बेबा महिला की मांग पर कोई कार्रवाही नहीं हो रही है।

# बकस्वाहा में सर्व ब्राह्मण समाज के आवाहन पर सर्व समाज का प्रदर्शन

### IAS संतोष वर्मा पर FIR एवं कठोर कार्रवाई की मांग



**प्रवेश संवाद बकस्वाहा.**

आज बकस्वाहा नगर में ब्राह्मण समाज ने सर्व सवर्ण समाज के साथ संयुक्त रूप से IAS संतोष वर्मा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन एकत्र हुए और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन तहसीलदार भरत पांडे को सौंपा। तहसीलदार ने ज्ञापन को आगे की कार्रवाई के लिए भेजने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में मांग की गई कि IAS संतोष वर्मा के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए तथा उनका IAS अवॉर्ड तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए।

गौरतलब है कि अजाक्स प्रदेश अध्यक्ष व IAS संतोष वर्मा द्वारा हाल ही में ब्राह्मण बेटियों के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक एवं विवादित टिप्पणी की गई थी, जिसके बाद प्रदेशभर में ब्राह्मण समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है और विरोध प्रदर्शन लगातार जारी हैं।इसी क्रम में सोमवार को बकस्वाहा में ब्राह्मण एवं सर्व सवर्ण समाज ने बिहारी जी मंदिर से तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के पश्चात प्रदर्शनकारियों ने बकस्वाहा थाना पहुंचकर FIR दर्ज करने की मांग भी की।

**विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे :** ब्राह्मण समाज अध्यक्ष रघुवीर श्रीधर, रमेश बिल्थरे जमींदार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोती यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे 'लल्ला', नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजगोपाल सोनी, आनंद परासर, ब्रजेश बिल्थरे, अभय फट्टा, मनोज शर्मा, राकेश तिवारी, राजकिशोर तिवारी, बलभद्र राय, मुकेश रावत, अरविंद तिवारी, नीरज तिवारी, विनोद तिवारी, अनिल सोनी, बृजभूषण दुबे, दीपू द्विवेदी, कैलाश पांडे, राजेंद्र उपाध्याय, कपिल तिवारी, राजू दुबे, राव साहब परमार, विजय तिवारी, मुकेश बिल्थरे, विपिन बिल्थरे,देवकीनंदन गंधर्व, जतिन राय सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे।

# क्रिकेटर क्रांति ने घुवारा से अबार माता मंदिर तक 20 किमी पदयात्रा निकली

• विश्व चैम्पियन क्रांति गौड़ का अबारखेरा में हुआ भव्य स्वागत।

**प्रवेश संवाद घुवारा.**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज और विश्व चैंपियन खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने बीते दिन को अपने बुंदेलखंड क्षेत्र की अबार माता मंदिर के प्रति आस्था और लगाव का परिचय दिया। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ करीब 20 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर अपनी धार्मिक निष्ठा और अनुशासन का अद्भुत संदेश दिया। क्रांति गौड़ ने घुवारा नगर से अपनी पदयात्रा की शुरुआत की, जो रामटौरिया होते हुए अबारखेरा पहुंची जहां युवा नेता राहुल यादव के निवास पर क्रिकेटर



क्रांति गौड का फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अबार माता मंदिर पर जाकर संपन्न हुई।

# डॉ. राकेश सिंह ने नये कुलगुरु के रूप में पदभार ग्रहण किया

**प्रवेश संवाद छतरपुर.**

महामहिम कुलाधिपति मंगुभाई जी पटेल ने एक आदेश जारी करते हुए डॉ राकेश सिंह कुशवाह को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर का नया कुलगुरु नियुक्त किया है। सोमवार की रात्रि 8:30 बजे डॉ राकेश सिंह कुशवाह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। सम्प्रति डॉ राकेश सिंह कुशवाहा जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में कुलसचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली के विषय में अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। डॉ. राकेश सिंह कुशवाह का जन्म 02 दिसंबर 1962 को राजपुर कानपुर देहात उ.प्र. में हुआ। आपने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर में अध्ययनरत होकर स्नातक बीएससी एवं जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की वनस्पतिकी अध्ययनशाला से स्नातकोत्तर एमएससी बॉटनी की उपाधि प्राप्त की। आपने सन् 1990 में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से वनस्पति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। आप विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थानों से संबद्ध रहे हैं। आपने 10 मार्च 1986 से वनस्पति शास्त्र सहायक प्राध्यापक, के रूप में शासकीय महाविद्यालय मुरार ग्वालियर में शासकीय सेवा में प्रवेश किया तथा 1995 से 2015 तक शासकीय विज्ञान महाविद्यालय ग्वालियर में सेवाएं दीं। दिसंबर 2016 से जनवरी 2019 तक जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में परीक्षा नियंत्रक के रूप में पदस्थ रहे। 03 मई 2023 से 09 मई 2025 तक संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालित राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर में आप कुलसचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। 10 मई से वर्तमान तक आप जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर



# विद्युत विभाग ने प्राइवेट कर्मचारी की मौत के बाद नहीं की कार्रवाई

**प्रवेश संवाद भगवा.** 15 दिन पहले विद्युत विभाग बमनौरा अंतर्गत एक निजी कर्मचारी की सुधार कार्य के दौरान अचानक विद्युत प्रवाह के कारण मौत हो गई थी। इस लापरवाही के बावजूद अब तक विभाग ने संबंधित कर्मचारी पर कोई कार्यवाही नहीं की है। बताया जा रहा है कि बमनौरा विद्युत विभाग के ऑपरेटर अखिलेश तिवारी को बचाने में विद्युत विभाग जुटा है। परिवार के प्रदर्शन और शिकायत के बावजूद नहीं कनिष्ठ अभियंता घुवारा ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिजनों ने बमनौरा विद्युत विभाग में पदस्थ ऑपरेटर अखिलेश तिवारी पर गंभीर आरोप लगाए थे। आपको बता दे की बीते 15 दिन पहले बिजली विभाग में मेंटेनेंस कार्य कर रहे एक प्राइवेट कर्मचारी की ट्रांसफर पर काम करते समय मौत हो गई थी। लेकिन परिजनों ने बमनोरा में पदस्थ ऑपरेटर अखिलेश तिवारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया था कि परमिट होने के बाद भी ऑपरेटर अखिलेश तिवारी ने विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से प्रारंभ कर दी थी। जिससे प्राइवेट कर्मचारी की मौत पर हो गई थी। और यह भी एक बड़ा सवाल है कि किसके कहने पर विद्युत मंडल आपरेटर व कर्मचारी परमिट दे देते हैं। विद्युत मंडल के अधिकारियों की मिलीभगत से घुवारा में पदस्थ कर्मचारी और अधिकारी ऑपरेटर को बचाने में जुटे हुए हैं। 15 दिन बीत जाने के बाद भी ऑपरेटर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।



# बड़ामलहरा में उत्साहपूर्वक मनाया गया गीता महोत्सव



**प्रवेश संवाद बड़ामलहरा.**

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ामलहरा में मध्य प्रदेश शासन एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जयनी के संयुक्त तत्वावधान में गीता महोत्सव बड़े उत्साह और आध्यात्मिक माहौल के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता के 15वें अध्याय 'पुरुषोत्तम योग' का सस्वर वाचन कराया गया। साथ ही गीता स्वाध्याय का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के हायर सेकंडरी सहित सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य एस.एल. राजपूत, शिक्षक विपिन जैन, गंगाराम अहिरवार, श्रीमती के.बी. जैन सहित समस्त स्टाफ ने सहभागिता दर्ज कराई और विद्यार्थियों को गीता ज्ञान के महत्व से अवगत कराया। विद्यालय में आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए आध्यात्मिक, नैतिक और संस्कारयुक्त शिक्षा का प्रेरक अवसर बना।